एमजीएम अलाइड हेल्थ साइंसेस इंस्टीट्यूट (MAHSI),
महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय–इंदौर (म.प्र.)

क्रमांक 725 /प्रवेश/MAHSI/2024 — इंदौर, दिनांक 01/03/2024

पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु द्वितीय काउंसिलिंग व MOP-UP ROUND काउंसिलिंग सूचना

शासकीय महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय (स्वशासी) की स्वायत्त स्ववित्त पोषित संस्था एमजीएम अलाइड हेल्थ साइंसेस इंस्टीट्यूट (MAHSI) में शैक्षणिक सत्र 2023–24 में प्रवेश हेतु जारी सूचना क्र. 233/प्रवेश/MAHSI/2023 इंदौर दिनांक 29–01–2024 के अनुसार आयोजित प्रवेश काउंसिलिंग उपरांत विभिन्न पाठ्यक्रमों में रिक्त 36 सीटों पर दिनांक 27–01–2024 को जारी अनंतिम प्रावीण्य सूची के अनुसार उपयुक्त आवेदकों को **सोमवार, दिनांक 11–03–2024 को प्रातः 9.00 बजे** पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में द्वितीय काउंसिलिंग द्वारा प्रवेश हेतु संस्था MAHSI, के.ई.एच. कंपाउंड, म.य. चिकित्सालय परिसर, इंदौर में आमंत्रित किया जाता है। ऐसे इच्छुक आवेदक जिनके द्वारा वर्तमान दिवस तक आवेदन प्रस्तुत नहीं किये हैं, दिनांक 11–03–2024, प्रातः 10.00 बजे पूर्व पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु नियमानुसार आवेदन प्रस्तुत कर रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु MOP-UP ROUND काउंसिलिंग द्वारा प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते हैं।

पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु उपलब्ध रिक्त सीटों का विवरण

क्र.	पाठ्यक्रम	रिक्त सीटों का विवरण
1.	बैचलर इन ऑक्युपेशनल थेरेपी (बी.ओ.टी.)	08 (ST-08)
2.	डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्निशियन	15 (UR-11,ST-04)
3.	डिप्लोमा इन कैथ लैब टेक्निशियन	05 (ST-05)
4.	डिप्लोमा इन ऑप्टोमेट्रिस्ट एंड रिफ्रेक्शन	08 (UR-04,SC-01, ST-03)

कुल 36 सीट

नोट :– काउन्सलिंग प्रक्रिया निम्नानुसार संपन्न की जावेगी–

i) ऐसे आवेदक जो प्रथम काउंसलिंग में उपस्थित हुए किन्तु किन्हीं कारणों से किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश नहीं ले पाये एवं द्वितीय काउंसलिंग हेतु अनुरोध प्रस्तुत किया है।

ii) ऐसे आवेदक, जिन्होंने प्रवेश हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था, किन्तु किन्ही कारणो से काउंसलिंग में सम्मलित नहीं हो पाये।

iii) ऐसे इच्छुक आवेदक जो अभी तक प्रवेश हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं कर सके है, किन्तु संस्था में फिजियोथेरेपी/पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदकों को सत्र 2023–24 मे स्नातक डिग्री, डिप्लोमा, प्रमाण पत्र पाठ्यक्रमों हेतु जारी प्रवेश विवरणिका के नियमानुसार दिनांक 11–03–2024 प्रातः 10.00 बजे तक आवेदन प्रस्तुत करना होगा। उक्त आवेदनों की मेरिट लिस्ट प्रातः 11.00 बजे तक जारी किया जाकर द्वितीय काउसिलिंग उपरांत विभिन्न पाठ्यक्रमों में रिक्त रही सीटों पर निर्धारित देय शुल्क एवं वांछित दस्तावेज प्रस्तुत कर प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे।

पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में सत्र 2023–24 में प्रवेश हेतु आवश्यक निर्देश

1. प्रवेश हेतु सीटों के आवंटन में मध्यप्रदेश राज्य शासन के आरक्षण संबंधी नियमो का प्रावधान है।
2. प्रवेश हेतु दर्शायी गई नियत तिथि व समय पर संबंधित आवेदक को समस्त आवश्यक दस्तावेजों एवं पाठ्यक्रम अनुसार निर्धारित शुल्क के साथ स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य है, आवेदकों को पृथक से कोई कॉल लेटर/सूचना जारी नहीं की जावेगी।
3. काउंसलिंग द्वारा प्रवेश हेतु एमजीएम मेडिकल कॉलेज की वेबसाइट www.mahsimgm.in पर जारी प्रवेश विवरणिका 2023–24 के नियम निर्देशों एवं शुल्क विवरण का अवलोकन कर लेवे एवं उक्तानुसार प्रवेश प्रक्रिया द्वारा पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया जा सकता है, प्रवेश के दौरान आवश्यक दस्तावेज/शुल्क जमा न करवा पाने पर पाठ्यक्रमों में प्रवेश नहीं दिया जा सकेगा एवं सीट मेरिट लिस्ट के अनुसार आगामी आवेदक को आवंटित कर दी जावेगी।
4. काउंसलिंग में सम्मलित होने आवेदकों को किसी भी प्रकार का किराया/यात्रा भत्ता संस्था द्वारा देय नहीं होगा।
5. हॉस्टल सुविधा केवल कन्या छात्राओं हेतु वार्षिक शुल्क रुपये 20,000/– के भुगतान पर संस्था के छात्रावास में सीटों की उपलब्धता के आधार पर प्रदान की जावेगी।
6. पाठ्यक्रमों में उपलब्ध सीटों पर प्रवेश हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर स्वयं उपस्थित होकर काउंसिलिंग में सम्मलित होना अनिवार्य है, विलंब से उपस्थित होने की दशा में आवेदक का वरीयता सूची संबंधी दावा निरस्त माना जावेगा एवं उन्हें तत्समय उपलब्ध/रिक्त सीटों में से ही प्रवेश हेतु काउंसिलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जा सकेगा।

नोट : काउंसलिंग तिथि/समय में किसी भी प्रकार के परिवर्तन की सूचना वेबसाइट www.mahsimgm.in एवं संस्था के नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित की जावेगी, उक्तानुसार अवलोकन करते रहे।

(डॉ. संजय दीक्षित)
अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
महात्मा गाँधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय ,इंदौर